# <u>प्रेस नोट</u>

## <u>थाना बबीना(साइबर सेल), झाँसी</u>

**<u>दिनांक – 11.09.2026</u>**

- **झाँसी पुलिस की साइबर अपराध के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना बबीना साइबर सेल द्वारा साइबर फ्राड का शिकार हुए पीड़ित की 49,998.38/- रुपए की धनराशि पीड़ित के खाते में बरामद करायी गयी,**

कृपया अवगत कराना है कि साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु श्रीमान पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम उ0प्र0 लखनऊ श्री विनोद के0 सिंह के निर्देशानुसार तथा पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र झाँसी श्री आकाश कुलहरि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु आमजन, बच्चों एवं महिलाओं को जागरूक किए जाने तथा साइबर ठगी के पीड़ितों की धनराशि वापस कराए जाने के क्रम में आज दिनांक 11.09.2026 को थाना बबीना क्षेत्रान्तर्गत आवेदक श्री दीपक गुप्ता निवासी खैलार, थाना बबीना, जनपद झाँसी के साथ हुई साइबर ठगी (UPI Fraud) के संबंध में थाना बबीना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ठगी की धनराशि को संबंधित खातों में होल्ड कराया गया। MRM पोर्टल के माध्यम से कुल धनराशि ₹49,998.38/- पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित द्वारा झाँसी पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया तथा धन्यवाद पत्र प्रदान किया गया।

**<u>बरामद की गयी धनराशि</u>** – कुल 49,998.38/- रुपए

**<u>बरामद कराने वाली टीम का विवरण-</u>**

1. थानाध्यक्ष राहुल सिंह राठौर
2. उ0नि0 अतुल कुमार पाण्डेय, साइबर सेल प्रभारी थाना बबीना झांसी
3. रि0आ0 अरूण कुमार साइबर सेल थाना बबीना झांसी